प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विष्वविद्यालय
पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विष्वविद्यालय कुलपति ने पशुचिकित्सा महाविद्यालय को नई बस सौंपी

पन्तनगर। 01 मार्च 2024। विष्वविद्यालय के पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय में 56 सीटर एक नई बस का आज कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर डा. मनमोहन सिंह चौहान ने कहा कि इस बस के माध्यम से विद्यार्थी अपने शैक्षणिक कार्यों के साथ–साथ महाविद्यालय द्वारा आस–पास के क्षेत्रों में पशुपालकों हेतु प्रषिक्षण षिविर एवं बीमार पशुओं का उपचार आसानी से कर सकेंगे। डा. एस.पी. सिंह ने कहा कि पशुचिकित्सा महाविद्यालय को पूर्व में आवंटित वाहनों का समयावधि समाप्त हो गयी थी, जिससे विद्यार्थियों को लैब अध्ययन, प्रषिक्षण षिविरों, बीमार पशुओं के उपचार हेतु जाने–आने में काफी कठिनाईयों का समाना करना पड़ता था। इसको देखते हुए परिवहन विभाग एवं कुलपति के सहयोग से महाविद्यालय को आज एक नई बस प्रदान की गयी है। उद्घाटन के पश्चात कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा नई बस को हरी झण्डी दिखाकर बस में उपस्थित शैक्षणिक कक्षाओं हेतु महाविद्यालय के लगभग 40 विद्यार्थी को पोल्ट्री फार्म नगला के लिए रवाना किया, जिसमें उपस्थित थे। महाविद्यालय में नई बस आने से विद्यार्थियों में काफी उत्साह है। इस अवसर पर महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य, विद्यार्थी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

नई बस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।

निदेषक संचार